THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MOHD. SHAFI QUARSHI): (a) Yes.

(b) An appeal has been preferred against the judgement. Meanwhile each case of transfer is being reviewed by the General Manager.

(c) Rs. 6246.

खण्डवा-अजमेर मीटर गेज लाइन को बड़ी लाइन में बदलना

3118. श्री गंगाचरण दीक्षित : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने खंडवा-अजमेर रेल लाइन को बडी लाइन में बदलने का निर्णय कर लिया है; और

(ख) यदि हा, तो यह कार्य कब तक पूरा हो जायेगा और इस परियोजना के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री मोहम्मद शफी कुरेशी) : (क) और (ख). दिल्ली-अहमदाबाद मीटर लाइन को बडी लाइन से बदलने के लिए किये जाने वाले सर्वेक्षण के एक भाग के रूप में अजमेर और खंडवा के बीच कुल 632 किलोमीटर में से अजमेर और चित्तौड़गढ़ के बीच 186 किलोमीटर में समानान्तर बड़ी लाइन बिछाने के प्रश्न पर विचार किया जा रहा है । इसी प्रकार इन्दौर और मऊ के बीच 21.01 किलोमीटर के एक और भाग में समानान्तर बडी लाइन बिछाने के प्रश्न पर अलग से विचार किया जा रहा है और इस प्रस्ताव के लिए हाल में पूरे किये गये टोह सर्वेक्षण की रिपोर्ट की जांच की जा रही है । अजमेर—खण्डवा मीटर लाइन के बाकी भागों में आमान परिवर्तन अथवा समानान्तर बड़ी लाइन बिछाने के प्रश्न पर फिलहाल विचार नही किया जा रहा है ।

खिड़कियां रेलवे स्टेशन पर ऊपरि पुल का निर्माण

3119. श्री गंगा चरण दीक्षित : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेलवे स्टेशनो पर उपरि पुल का निर्माण करते समय किसी स्थान की जनसंख्या पर विचार किया जाता है; और

(ख) यदि हा, तो भिभोरा और रावेर रेलवे स्टेशनों पर उपरि पुल बनाने तथा खिडकिया रेलवे स्टेशन पर ऐसा पुल न बनाने के क्या कारण हैं ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरेशी) . (क) और (ख). एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने के लिए यात्रियो की सुविधा के लिए ऊपरि पैदल पुल की व्यवस्था जनसंख्या के आधार पर नहीं बल्कि अन्य बातों को ध्यान मे रख कर की जाती है जैसे अनुसूचित कासिंग, प्लेटफार्म की ऊंचाई, यातायात की मात्रा, स्टेशन का महत्व, धन की उपलब्धता आदि । उन सभी स्टेशनो पर, जहा ऊपरि पैदल पुल नही है खिडकियां सहित उसकी व्यवस्था करने से सम्बन्धित प्रस्तावों पर इसी नीति के अनुसार विचार किया जायेगा और एक निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उन्हे उत्तरोत्तर क्रियान्वित किया जायेगा ।

भुसावल और झांसी डिवीजनों पर जंजीर खींचे जाने की घटनायें

3120. श्री गंगा चरण दीक्षित : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य रेलवे के भुसावल और झांसी डिवीजनों पर वर्ष 1970—71 और 1971—72 के दौरान जंजीर खींचे जाने की कितनी घटनाएं हुई हैं;